राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राजस्थान के 3 विष्वविद्यालयों और आई.एम.टी. गाजियाबाद के मध्य हुआ एम.ओ.यू

## राज्यपाल श्री मिश्र की उपस्थिति मे राजभवन में सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर

## प्रदेष में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हो सकेगा कार्य

जयपुर, 6 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की उपस्थिति में मंगलवार को राजभवन में आई.एम.टी. गाजियाबाद एवं मोहनलाल सुखाड़िया विष्वविद्यालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय तथा गोविन्द गुरु जनजातीय विष्वविद्यालय के मध्य खेल संस्कृति के विकास के संबंध में एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने के साथ ही उच्च षिक्षण संस्थाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने पर कार्य होगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इस अवसर पर उम्मीद जताई कि एमओयू से आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर की मदद से हमारे विष्वविद्यालयों द्वारा राजस्थान में स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने और खेलों के विकास का बेहतर वातावरण बन सकेगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का खेलों से जुड़ाव जन जागरुकता के माध्यम से ही हो सकता है। आई.एम.टी. गाजियाबाद और हमारे विष्वविद्यालयों का इस सबंध में संयुक्त प्रयास लोगों में खेल के प्रति जागरुकता पैदा कर उन्हें पारम्परिक खेलों के साथ आधुनिक खेलों से जोड़कर राजस्थान को खेलों में अग्रणी कर सकेगा।

इस अवसर पर आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर के हैड डॉ. कनिष्क पाण्डेय ने बताया कि एमओयू के तहत प्रदेष के उदयपुर, भीलवाड़ा, डूँगरपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, सिरोही, बाँसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में पारम्परिक खेलों के विकास के साथ ही यहां पर खेलों से जुड़ी अन्य संभावनाओं पर कार्य करते हुए स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का कार्य किया जा सकेगा।

एमओयू के दौरान राज्यपाल के प्रमुख सविच श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विषेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, गोविन्द गुरू जनजातीय एवं मोहन लाल सुखाड़िया विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, आई.एम.टी. गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. विषाल तलवार, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

———